# राजस्थान समसामयिकी जून, 2024

**संजीव वेबसाइट से निःशुल्क डाउनलोड करें**
राजस्थान, राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय समसामयिकी ( प्रत्येक माह )
साथ ही संजीव वेबसाइट से आप E-Book भी खरीद सकते हैं।
**visit us at : www.sanjivprakashan.com**

# राजस्थान समसामयिकी जून, 2024
# (Current News from Daily Newspapers)

## Newspaper of 1 June, 2024

### ■ सोशल मीडिया पर मतदाता जागरुकता में राजस्थान ने देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया–

भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी सोशल मीडिया (एक्स, इंस्टाग्राम, फेसबुक और यूट्यूब) रैंकिंग में राजस्थान ने देश में पहला स्थान प्राप्त किया है। चुनाव आयोग द्वारा अप्रैल माह में सोशल मीडिया के प्रदर्शन के आधार पर जारी रैंकिंग में राजस्थान और झारखंड ने संयुक्त रूप से पहला स्थान प्राप्त किया है। सीईओ राजस्थान के एक्स, इंस्टाग्राम, फेसबुक और यूट्यूब अकाउंट्स पर अप्रैल में माह में करीब 11 लाख इम्प्रेशन मिले हैं। सबसे अधिक 6.83 लाख इम्प्रेशन एक्स पर मिले हैं।

इस दौरान एक्स पर पोस्टिंग 240 फीसदी तक बढ़ाई गई। इम्प्रेशन भी 188 फीसदी बढ़ गए। एक्स, इंस्टाग्राम, फेसबुक और यूट्यूब अकाउंट्स पर 66,700 से अधिक फॉलोवर थे और अप्रैल में इनकी संख्या 3,400 बढ़ गई।

राज्य निर्वाचन विभाग द्वारा सोशल मीडिया परफॉर्मेंस इंडेक्स के लिए भारतीय निर्वाचन आयोग को 11 नवाचारों की सूची भेजी गई थी। इनमें हनुमानगढ़ का 'एक पाती माता-पिता के नाम' और बारां का 'म्हारो हेलो' जिला स्तरीय नवाचार भी शामिल है। राज्य के सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (डीआईपीआर) की सोशल मीडिया सेल ने आयोग के निर्देशों को आम मतदाता तक पहुँचाने के लिए करीब 500 क्रिएटिव, ग्राफिक, इन्फोग्राफिक, वीडियो, रील आदि तैयार किए। इसके अलावा मतदान दिवसों के दौरान आकर्षक, प्रेरणादायी और महत्त्वपूर्ण तस्वीरों को भी सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों तक पहुँचाया।

| शीर्ष दस स्थानों पर स्थित राज्य | |
|---|---|
| 1. राजस्थान, झारखंड | 6. बिहार, केरल |
| 2. कर्नाटक | 7. आन्ध्र प्रदेश |
| 3. उत्तराखंड | 8. गुजरात, ओडिशा |
| 4. उत्तर प्रदेश, पंजाब | 9. पश्चिम बंगाल, चंडीगढ़ |
| 5. मध्य प्रदेश | 10. त्रिपुरा |

### ■ 'इंडिया स्किल्स' प्रतियोगिता में राजस्थान ने 19 मेडल जीते–

दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की कौशल प्रतियोगिता 'इंडिया स्किल्स 2023-24' में विभिन्न श्रेणियों में राजस्थान के प्रतिभागियों ने 19 पदक जीते। 'इंडिया स्किल्स' के तहत राज्य स्तर पर आयोजित कौशल प्रतियोगिता के विजेता 29 प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय स्तर पर भाग लिया, जिन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 गोल्ड, 5 सिल्वर, 3 ब्रॉन्ज और 9 'मेडल ऑफ एक्सीलेंस' जीते।

**इन युवाओं को मिले अवॉर्ड**

सीएनसी मिलिंग में जयपुर के विपुल माहेश्वरी, हेयरड्रेसिंग में नागौर की कविता शर्मा, ज्वेलरी में जयपुर के मनीष खुदिया एवं लॉजिस्टिक्स एंड फ्रेट फॉरवर्डिंग में निष्ठा चौहान ने सिल्वर मेडल जीता। इसी प्रकार ऑटोमोबाइल टेक्नोलॉजी में चूरू जिले के लंकेश सैनी, वेब टेक्नोलॉजी में कार्तिक प्रजापत एवं योगा मे बूँदी के प्रांशु गहलोत ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। बेकरी में जयपुर की मोनिमा पुरी, क्लाउड कम्प्यूटिंग में जोधपुर के दीपक गंगवानी, कुकिंग में जयपुर के जस्मीत मेहता, साइबर सिक्योरिटी में जोधपुर के कपिल इनानिया, इलेक्ट्रॉनिक्स में जोधपुर के हर्षवर्धन गहलोत, इनफॉर्मेशन नेटवर्क केबलिंग में जयपुर के शुभम कुमावत एव रिन्युएबल एनर्जी में नागौर के मोहम्मद साजिद ने 'मेडल ऑफ एक्सीलेंस' जीता।

## Newspaper of 4 June, 2024

### ■ राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र, बीकानेर की परियोजनान्तर्गत अब ऊँटनी के दूध का पाउडर भी बनेगा; यह बच्चों-बुजुर्गों के लिए फायदेमंद–

ब्रांडेड कंपनियों की तर्ज पर बीकानेर स्थित राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र (एनआरसीसी) ऊँटनी के दूध को पाउडर में बदल कर बच्चों तक इसकी पहुँच सुलभ करेगा। इसके लिए केन्द्र में मशीन से पाउडर दूध का उत्पादन शुरू होगा। पाउडर बनाने के लिए ऊँटनी के दूध की खरीद फिलहाल बाहर से नहीं होगी। केन्द्र में पल रही ऊँटनियों का दूध ही उपयोग में लिया जाएगा। पाउडर बनने के बाद बाजार में उतारने से पहले इसकी दर तय होगी। साथ ही कई परीक्षणों से भी उसे गुजारा जाएगा। उल्लेखनीय कि कुल्फी, चॉकलेट, आइसक्रीम की तरह ही जल्दी ही ऊँटनी का पाउडर दूध भी उपलब्ध करवाया जाएगा।

**ऊँटनी के दूध में ये हैं पोषक गुण–**

- विटामिन बी, सी, कैल्सियम, आयरन, जस्ता, कॉपर और पोटेशियम तत्त्व।
- दूध में सीरम प्रोटीन की मात्रा 0.7 से 1.0 प्रतिशत होती है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- वैज्ञानिकों ने शोध में यह सिद्ध किया है कि ऊँटनी का दूध मधुमेह, बच्चों में ऑटिज्म, गेस्ट्रो-एंट्रेटाइटिस, उच्च रक्तचाप, कैंसर, हेपेटाइटिस-सी एवं बी, ट्यूबरक्लोसिस आदि बीमारियों में लाभकारी है।
- ऊँटनी का दूध तथा इससे बनने वाला पाउडर मधुमेह रोगियों के लिए उपयोगी है। इसमें 52 यूनिट इंसुलिन होता है।

## Newspaper of 8 June, 2024

### राजस्थान में सीएए लागू, 17 लोगों को नागरिकता दी गई–

नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) राजस्थान में लागू हो गया है। इसके तहत 17 लोगों को नागरिकता दी गई है। ये लोग 15-20 साल पहले पाकिस्तान से आकर अवैध रूप से अनूपगढ़, सिरोही व जोधपुर जिले में रह रहे थे। अब तक राज्य में करीब 2500 लोगों को सीएए के तहत नागरिकता के लिए पात्र माना जा चुका है।

**ये हैं सीएए में नागरिकता के लिए पात्र**

- अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान के निवासी रहे हों और पासपोर्ट अवधि समाप्त हो गई हो।
- दिसम्बर, 2014 से पहले भारत आ गए हों।
- शादी करके भारत आए हों।
- गैर मुस्लिम व्यक्ति हों और वर्तमान में कोई वैध दस्तावेज नहीं है।
- माता-पिता को नागरिकता मिल चुकी हों।
- माता-पिता अगस्त 1947 से पहले अविभाजित भारत में रहे हों।

**यहाँ के लोगों को मिली नागरिकता**

अनूपगढ़ से 8, सिरोही से 7 व जोधपुर से दो लोगों को सीएए के अन्तर्गत हाल ही में नागरिकता दी गई। इनको ऑनलाइन प्रमाण-पत्र जारी हो गए हैं। राज्य में जोधपुर, जैसलमेर, बाड़मेर, सिरोही, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, अनूपगढ़, फलौदी, बालोतरा, जालोर, सांचौर व जयपुर जिलों में सीएए के तहत नागरिकता के पात्र लोग निवास कर रहे हैं।

## Newspaper of 9 June, 2024

### किसान संतोष खेदड़ को जैविक खेती में नवाचारों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार मिला–

सीकर के गाँव बेरी की किसान संतोष खेदड़ को जैविक खेती में किए गए नवाचारों को लेकर राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा गया है। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली में उन्हें यह सम्मान मिला। संतोष 16 वर्षों से जैविक खेती कर रही हैं। वह स्वयं अपने बगीचे की नर्सरी में जैविक विधि से दर्जनों किस्म की पौध तैयार करती हैं। संतोष देवी 10वीं तक पढ़ी है, तथा अपने बगीचे में नर्सरी व बागवानी रिसर्च सेंटर भी चलाती हैं। अब तक वह हजारों किसानों को जैविक खेती व बागवानी के गुर सिखा चुकी हैं।

## Newspaper of 13 June, 2024

### जयपुर पुलिस ने नौकर-किराएदारों के वेरिफिकेशन के लिए 'नजर सिटीजन' एप लॉन्च किया–

हाल ही में पुलिस ने सूने घरों की निगरानी और नौकर-किराएदारों के वेरिफिकेशन के लिए 'नजर सिटीजन' एप लॉन्च किया है। इस एप के जरिए सूने घर, किराएदारों और नौकरों की निगरानी की जाएगी। इससे पुलिस के पास भी प्रवासियों का रिकॉर्ड रहेगा। एप साइबर सेल के राकेश झाझड़िया ने बेंगलुरू के कृष्णा व स्वास्तिका के साथ मिलकर तैयार करवाई है।

- एप पर नौकर, किराएदार, कर्मचारी की डिटेल अपलोड कर सकते हैं। नाम, मोबाइल नम्बर, वैध आईडी व फोटो अपलोड करनी होगी। बीट अधिकारी सम्पर्क करेगा।
- एक से ज्यादा दिनों के लिए बाहर जाने पर अपने सूने घर की जानकारी भी एप में अपलोड की जा सकती है, ताकि गश्ती दल समय-समय पर चैक कर सकें।

इसी के साथ यातायात को सुगम बनाने के लिए यातायात पुलिस ने मैप माय इंडिया के साथ एमओयू किया है। ड्राइव के दौरान मैप ऑन करने पर ब्लैक स्पॉट, मोड़ और डायवर्जन की जानकारी मिल सकेगी। डीसीपी ट्रैफिक सागर राणा ने मैप माय इंडिया प्रबन्धन के साथ एमओयू साइन किया है।

## Newspaper of 15 June, 2024

### राजस्थान सरकार ने तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षाओं में महिला आरक्षण 30 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 फीसदी किया–

14 जून, 2024 को राजस्थान सरकार ने तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षाओं में महिला आरक्षण 30 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 फीसदी किया है। इसके लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान पंचायती राज अधिनियम में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

## Newspaper of 17 June, 2024

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य में बनने वाले चार सोलर प्रोजेक्ट (2950 मेगावाट) के लिए भूमि आवंटन के प्रस्ताव को मंजूरी दी–

**बीकानेर के पूगल एवं छत्तरगढ़ तहसील में 2450 मेगावाट के तीन सोलर पार्क स्थापित होंगे; फलौदी के भड़ला में 500 मेगावाट का एक सोलर पार्क स्थापित होगा।**

16 जून, 2024 को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य में बनने वाले चार सोलर प्रोजेक्ट के लिए भूमि आवंटन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। बीकानेर जिले के पूगल एवं छत्तरगढ़ तहसील में 2450 मेगावाट के 3 सोलर पार्कों की स्थापना के लिए राजस्थान सोलर पार्क डवलपमेंट कंपनी को 4780 हैक्टेयर और

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

फलौदी जिले के भड़ला में 500 मेगावाट के एक सोलर प्रोजेक्ट के लिए एनटीपीसी रिन्युएबल एनर्जी लिमिटेड को लगभग 910 हैक्टेयर भूमि का आवंटन किया गया है। इन परियोजनाओं के माध्यम से राज्य में 10 हजार करोड़ का निवेश होगा।

यह एमएनआरई अनुदानित परियोजना होने से 33 प्रतिशत अनुदान मिलेगा और अगले दो वर्ष में पूरा किया जा सकेगा। राजस्थान सोलर पार्क डवलपमेंट कंपनी तथा एनटीपीसी रिन्युएबल एनर्जी लिमिटेड को भूमि आवंटन लीज पर होगा। यहाँ जमीन आवंटन हुआ है–

1. बीकानेर जिले में एक हजार मेगावाट के एक सोलर पार्क के लिए पूगल तहसील के ग्राम सूरासर में लगभग 1881 हैक्टेयर भूमि का आवंटन होगा।

2. इसी तरह एक हजार मेगावाट के दूसरे सोलर पार्क के लिए 2 हजार हैक्टेयर भूमि आवंटित की जाएगी। इसमें से 1194 हेक्टेयर भूमि सूरासर तथा लगभग 807 हैक्टेयर भूमि ग्राम भणावतावाला में है।

3. बीकानेर जिले में ही 450 मेगावाट के तीसरे सोलर पार्क के लिए छत्तरगढ़ तहसील के ग्राम सरदारपुरा में 900 हेक्टेयर भूमि का आवंटन होगा।

4. एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड को 500 मेगावाट सोलर प्रोजेक्ट की स्थापना के लिए फलौदी जिले की बाप तहसील के ग्राम भड़ला में 910 हैक्टेयर भूमि आवंटन होगा।

उल्लेखनीय है कि इन परियोजनाओं से रोजगार के अवसर मिलेंगे और पर्यावरण संरक्षण होगा। सालाना 2 लाख टन कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी। सोलर पार्क में अत्याधुनिक सौर पैनल्स और ग्रिड टेक्नोलॉजी का उपयोग किया जाएगा।

## Newspaper of 19 June, 2024

■ **राजस्थान में 5 विधानसभा और एक राज्यसभा सीट पर चुनाव होगा–**

लोकसभा चुनाव 2024 के बाद राजस्थान में विधानसभा की पाँच सीट और राज्यसभा की एक सीट रिक्त हो गई है, इसके मद्देनजर चुनाव आयोग ने उपचुनाव हेतु अधिसूचना जारी की है। राज्य के पाँच विधायकों (दौसा से कांग्रेस विधायक मुरारीलाल मीणा, झुंझुनूँ से बृजेन्द्र ओला, देवली-उनियारा से हरीश मीणा, चौरासी से बीएपी के राजकुमार रोत और खींवसर से आरएलपी विधायक हनुमान बेनीवाल) ने सांसद चुने जाने के बाद विधायक पद से इस्तीफे दिए हैं तथा कांग्रेस के के.सी. वेणुगोपाल ने सांसद चुने जाने के बाद राज्यसभा की सीट से इस्तीफा दे दिया है।

## Newspaper of 24 June, 2024

■ **राज्य में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान का शुभारम्भ हुआ–**

राजस्थान में 23 जून, 2024 को 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान का शुभारम्भ हुआ। मुख्यमन्त्री भजनलाल शर्मा ने भी अभियान के अन्तर्गत मुख्यमन्त्री आवास पर अपनी माताजी श्रीमती गोमती देवी के साथ बेल का पौधा लगाया।

इस अवसर पर मुख्यमन्त्री ने कहा कि पेड़ हमारे परम मित्र हैं और हमारे जीवन के लिए अति आवश्यक हैं। वे हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, मिट्टी के कटाव को रोकते हैं और पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के साथ ही पारिस्थितिकी सन्तुलन बनाए रखते हैं।

मुख्यमंत्री ने सभी प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में वृक्षारोपण करें तथा पर्यावरण को स्वच्छ और हरा-भरा रखने में अपने योगदान दें।

**प्रधानमन्त्री ने शुरू किया था अभियान**

उल्लेखनीय है कि गत 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान का शुभारम्भ किया था। उन्होंने नई दिल्ली के बुद्ध जयंती पार्क में पीपल का पेड़ लगाते हुए देशवासियों से आग्रह किया था कि वे सभी अपनी माताजी के नाम पर कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाएँ।

## Newspaper of 25 June, 2024

■ **बाँसवाड़ा से सोना (स्वर्ण) खनन का कार्य जल्द शुरू होगा; रतलाम की फर्म कार्य करेगी–**

बाँसवाड़ा में मौजूद स्वर्ण के 222 टन के भण्डार के खनन का लाइसेंस मध्यप्रदेश के रतलाम की फर्म को दिया गया है। फर्म को आवश्यक दस्तावेज के साथ ही 100 करोड़ रुपए जमा कराने होंगे। इसके बाद लेटर ऑफ इन्टेंट जारी किया जाएगा। डायवर्जन, माइनिंग प्लान के साथ ही पर्यावरण स्वीकृत लेनी होगी। इसके बाद खनन की अनुमति जारी होगी और फिर सात साल में अपेक्षित सोना निकल सकेगा। घाटोल क्षेत्र के भूकिया-जगपुरा व काकरिया में 943 हैक्टेयर क्षेत्र में खनन किया जाएगा।

**विशेष–**

- खनन कम्पनी तय होने में **33 साल** लगे।
- **07 साल** में सोना निकलने का अनुमान।
- **09 वर्ग किमी.** क्षेत्र में काम करेगी फर्म।
- **02 वर्ग किमी.** क्षेत्र काकरिया में खोज होनी है बाकी।

■ **उपमुख्यमन्त्री दिया कुमारी को 'वुमन टूरिज्म मिनिस्टर ऑफ द इयर', इण्डिया अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा–**

राजस्थान की उपमुख्यमन्त्री दिया कुमारी को वुमन टूरिज्म मिनिस्टर ऑफ द ईयर, इण्डिया के सम्मान से आईटीबी बर्लिन, जर्मनी में सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही राजस्थान को डेस्टिनेशन ऑफ द ईयर रॉयल एक्सपीरियंसेज, 2024 के लिए पटवा इंटरनेशनल ट्रेवल अवॉर्ड से भी सम्मानित किया जाएगा। यह अवॉर्ड पेसिफिक एरिया ट्रेवल राइटर्स संगठन (पटवा) की ओर से आईटीबी, बर्लिन में प्रदान किया जाएगा।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## Newspaper of 27 June, 2024

■ **विद्यालयों में चौथे शनिवार को नशा मुक्त अभियान की गतिविधियाँ होंगी–**

राजस्थान में स्कूलों में चौथे शनिवार को विद्यार्थियों के बीच नशा मुक्ति जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। 26 जून, 2024 को हनुमानगढ़ के जिला कलक्टर अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर आयोजित कार्यशाला में यह घोषणा की। जिला कलक्टर ने कहा कि नशा रोकथाम में महिलाओं की बड़ी भूमिका साबित होगी। इसलिए राजीविका से जुड़ी महिलाओं को 'नशा मुक्त सखी' बनाएंगे। उन्हें प्रशिक्षण देंगे, ताकि वे घरों में जाकर अन्य महिलाओं को जागरूक कर सकें।

■ **हरियाळो म्हारो बारां महाभियान चलेगा–**

बारां जिला प्रशासन द्वारा सघन पौधारोपण के लिए 'हरियाळो म्हारो बारां' महाभियान चलाया जाएगा। इसके तहत जिले में 18 लाख से अधिक पौधों से श्रृंगार करने का संकल्प लिया गया है। इनमें से 5 लाख से अधिक पौधे स्कूलों में शिक्षा विभाग द्वारा लगाए जाएंगे।

## Newspaper of 28 June, 2024

■ **जस्टिस गंगाराम मूलचंदानी राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष बने; पूर्व IPS अशोक गुप्ता को सदस्य नियुक्त किया–**

हाल ही में राज्यपाल कलराज मिश्र ने सेवानिवृत्त न्यायाधीश गंगाराम मूलचंदानी को राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष और सेवानिवृत आईपीएस अधिकार अशोक गुप्ता को सदस्य नियुक्त किया है। दोनों पद धारण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि अथवा 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक पद पर रहेंगे।

## Newspaper of 29 June, 2024

■ **राजस्थान सरकार ने नए जिलों की जाँच व पुनर्गठन के लिए ललित के. पंवार कमेटी गठित की–**

राजस्थान में पूर्व कांग्रेस सरकार के समय बनाए 17 नए जिलों की जाँच व पुनर्गठन के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रिटायर्ड आईएएस ललित के. पंवार की अध्यक्षता में कमेटी गठित की है। यह कमेटी नवगठित जिलों की स्थिति की जाँच कर कैबिनेट सब-कमेटी को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। पंवार कमेटी सांसद, विधायकों के साथ ही अन्य जनप्रतिनिधियों, जिला प्रशासन के साथ ही अन्य विभागों के अधिकारियों से फीडबैक लेगी।

पूर्ववर्ती गहलोत सरकार के समय नए जिलों की सिफारिश के लिए रिटायर्ड आईएएस रामलुभाया की अध्यक्षता में कमेटी बनाई गई थी। 12 जून को नए जिलों के रिव्यू के लिए बनाई कैबिनेट सब-कमेटी के संयोजक उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा हैं तथा सदस्य उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़, जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, राजस्व मंत्री हेमंत मीणा व जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत को बनाया गया है। यह कमेटी पूर्व सरकार के समय बने नए जिलों व संभागों का रिव्यू कर रिपोर्ट देगी।

पूर्ववर्ती गहलोत सरकार ने 17 नए जिले बनाए थे। नए जिलों में अनूपगढ़, गंगापुर सिटी, कोटपूतली-बहरोड़, बालोतरा, जयपुर ग्रामीण, खैरथल-तिजारा, ब्यावर, नीमकाथाना, डीग, जोधपुर ग्रामीण, फलौदी, डीडवाना-कुचामन, सलूंबर, दूदू, केकड़ी, सांचौर और शाहपुरा शामिल हैं। इन सभी नए 17 जिलों का रिव्यू होगा।

■ **राजस्थानी भाषा के विकास के लिए 'राजस्थानी भाषा विकास बोर्ड' का गठन किया जाएगा–**

राजस्थान सरकार राजस्थानी भाषा के विकास के लिए एक विकास बोर्ड का गठन करेगी। इसे 'राजस्थानी भाषा विकास बोर्ड' का नाम दिया जाएगा। इस बोर्ड में राजनीतिक नियुक्तियाँ भी होगी जिसमें अध्यक्ष, सदस्य, भाषा के जानकारों के अलावा सचिव पद होगा।

राजस्थानी भाषा का ये बोर्ड किसी प्रकार की मान्यता दिलाने को लेकर नहीं है। बल्कि राजस्थानी भाषा और बोलियों की अहमियत बताएगा। भाषा को पौराणिक जुड़ाव और किस तरह से भाषाएँ बौर बोलियाँ विकसित होती चली गई, इस पर भी काम होगा। भगवान श्री कृष्ण से लेकर लोकदेवताओं से इसका जुड़ाव है। इनसे जुड़े दस्तावेज और जगहों के संरक्षण पर भी काम होगा।

## Newspaper of 30 June, 2024

■ **राजस्थान सरकार का वर्ष 2024-25 के लिए बजट 10 जुलाई, 2024 को राज्य विधानसभा में प्रस्तुत किया जाएगा। राज्य बजट उपमुख्यमंत्री एवं वित्तमंत्री दिया कुमारी प्रस्तुत करेंगी। इस बार राज्य बजट केन्द्र सरकार के बजट से पहले आ रहा है। अक्सर केन्द्र सरकार का बजट पहले आता है और राज्य की सरकारें बाद में बजट पेश करती हैं।**

■ **'मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव' मनाया गया, मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त राज्य कार्मिकों को नियुक्ति पत्र दिए गए–**

29 जून, 2024 को राज्य में पहली बार 'मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव' मनाया गया। इसमें नवनियुक्त राज्य कार्मिकों को नियुक्ति पत्र दिए गए। राज्य स्तरीय समारोह जयपुर में मनाया गया जिसमें मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र प्रदान किए तथा जिला स्तरीय समारोह में नवनियुक्त 20 हजार से अधिक राज्य कार्मिक विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।

□□□

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

# संजीव®


**49 वर्षों से आपका विश्वसनीय**

## आपकी सफलता में सदैव आपका सहयोगी


**मनोहर सिंह कोटड़ा** की प्रसिद्ध पुस्तक

# राजस्थान ATLAS 2024-25

का नवीन अंक सर्वत्र उपलब्ध




**सामान्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की श्रेष्ठ पुस्तक**





## संजीव प्रकाशन की अन्य उपयोगी पुस्तकें































संजीव प्रकाशन

Join Our Telegram

**संजीव वेबसाइट एवं Telegram चैनल से परीक्षा उपयोगी पाठ्य सामग्री नि:शुल्क प्राप्त करें। साथ ही संजीव वेबसाइट से आप Books एवं E-Book भी खरीद सकते हैं।**

**प्रकाशक–संजीव प्रकाशन, जयपुर**

Visit us at : www.sanjivprakashan.com